तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि
बिलासपुर, रविवार 24 अगस्त 2025

4
सामूहिक अवकाश से घरघोड़ा के सभी कार्यालयों में देखी गई तालाबंदी





**खबर संक्षेप**

### अंडर 14 का ट्रायल किया गया स्थगित

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ के द्वारा मौसम विभाग के एलर्ट को देखते हुए अंडर 14 के ट्रायल को बाद में कराए जाने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में जिला क्रिकेट संघ के सचिव रामचन्द्र शर्मा ने बताया कि भारी बरसात को देखते हुए आज स्टेडियम में होने वाले अंडर 14 के ट्रायल को स्थगित कर दिया गया है। सभी खिलाडियों को सूचित कर बताया गया है कि अगले ट्रायल तिथि के सूचना पृथक से बताई जाएगी।

### लाखा के पास तेज रफ्तार कार पलटी

**रायगढ़।** कोतवाली थाना क्षेत्र के लाखा के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर पलट गई। इस घटना में कार क्षतिग्रस्त हो गई और कार में सवार पति-पत्नी की जान बाल-बाल बची। घायल दंपती का जिला चिकित्सालय में इलाज चल रहा है। दरअसल रायगढ़-घरघोड़ा मार्ग पर भारी वाहनों की रेलमपेल की वजह से काफी दुर्घटनाएं होती हैं तो वहीं जाम की स्थिति भी बनती है। शुक्रवार को भी इस मार्ग पर ग्राम लाखा के पास तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर सडक़ किनारे से जंगल की ओर घुस कर पलट गई। इस भयानक हादसे को देख आस पास के लोगों में हड़कंप मच गया। पलटने से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहां उपस्थित लोगों ने जब कार के पास जाकर देखा तो उसमें सवार पति पत्नी सुरक्षित थे, जिसे देख लोगों ने राहत की सांस ली और उन्हें बाहर निकाला, हालांकि उन्हें काफी चोट आई थी। घटना के बाद 108 वाहन की मदद से दंपती को उपचार के लिए जिला चिकित्साल भिजवाया गया है।

### बाइक से गिर कर वृद्धा की इलाज के दौरान मौत

**रायगढ़।** दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होकर बेटी- दामाद के साथ वापस लौट रही वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई थी। जिसे इलाज के लिए मेकाहारा में भर्ती कराया गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में लिया है। उक्त घटना सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के बरमकेला थाना क्षेत्र की है। जानकारी के अनुसार बरमकेला के ग्रामी लामीपाली निवासी कुबेर पटेल की 60 वर्षीय पत्नी लक्ष्मी पटेल गुरूवार को अपने बेटी-दामाद के साथ मोटरसायकिल पर ग्राम सुखापाली अपने परिचित के यहां दशकर्म कार्यक्रम में शामिल होने गई थी। वहीं वापस आने के दौरान बेंगची गांव के पास झटका लगने से पिछे बैठी लक्ष्मी पटेल गिर गई जिससे उसे गंभीर चोट आई थी। लक्ष्मी पटेल को बरमकेला स्वास्थ्य केन्द्र लाया गया जहां प्रारंभिक उपचार के बाद गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सकों ने उसे रायगढ़ रेफर कर दिया। महिला को रायगढ़ मेडिकल कालेज हास्पिटल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। अस्पताल से मिली तहरीर पर पुलिस ने शून्य में मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया है।

## अपराधियों में पुलिस का बिल्कुल भी नहीं खौफ, अधिकांश मामलों में पीड़ितों को नहीं मिला न्याय

# अपराधों और विवादों का मीना बाजार, रोजाना नई-नई घटनाओं से सहम गए हैं लोग



हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शहर में लगे मीना बाजार अपराधों और विवादों के गढ़ बन गए हैं। यहां हर दिन नई-नई वारदातों से स्थानीय निवासियों, शहरवासियों व मीना बाजार देखने आने वाले लोग सहमे हुए हैं। अपराधियों के हौसले इतने बुलंद हैं कि उनमें बिल्कुल भी पुलिस का खौफ नजर नहीं आ रहा है। जबकि अधिकांश मामलों में एफआईआर के बाद भी पीड़ितों को न्याय नहीं मिल सका है।दरअसल शहर के जूटमिल थाना क्षेत्र अंतर्गत सावित्री नगर में एक व ट्रांसपोर्टनगर में दो कुल तीन मीना बाजार लगे हुए हैं। पहले यहां बिना अनुमति के मीना बाजार लगाने को लेकर काफी विवाद हुआ, इसके बाद भी मीना बाजार लग गया। वहीं मीना बाजार लगने के बाद यहां आपराधिक प्रवृत्ति के लोग सक्रिय हो गए हैं। उनके द्वारा हर दूसरे दिन मारपीट, लूटपाट, चोरी, धमकी-चमकी जैसी वारदातों को अंजाम दिया जा रहा है। यहां तक कि मीना बाजार संचालक के लठैत भी हर साल की तरह यहां आने वाले लोगों के साथ लाठी-डंडे से मारपीट करने से बाज नहीं आ रहे हैं। पुलिस के अधिकारी कहते हैं कि लोगों की सुरक्षा को लेकर तीनों मीना बाजार में पर्याप्त बल लगाया गया है, तो क्या यह सभी वारदातें पुलिस के सामने हो रही है, या पुलिस बल अपना काम छोड़ मीना बाजार का लुत्फ उठा रहे हैं, यह सोचने वाली बात है।

**केस 1**

### मेला देख कर लौट रहे युवक से लूटपाट

इसी माह ओडिशा के ब्रजराजनगर निवासी ऋषि झरिया (21) अपने साथ शिव मेहर, आनंद झरिया और सुमित मेहर के साथ शहर के कालिंदी कुंज स्थित अपनी मौसी के घर आया था। रात को सभी दोस्त मीना बाजार देखने गए थे, जहां से लौटते वक्त रात करीब 11 बजे अज्ञात 6 युवकों ने उनका रास्ता रोक लिया। इसके बाद उनसे रुपए की मांग कर धमकाने लगे। आरोपियों की हरकत और मंशा को भांपते हुए बाकी दोस्त तो भाग निकले, लेकिन बदमाशों ने ऋषि झरिया को पकड़ लिया। इसके बाद उसके गले से चांदी की चेन और जेब में रखे 5 हजार रुपए को लूट कर फरार हो गए। इस मामले की रिपोर्ट जूटमिल थाने में होने के बाद भी अब तक आरोपियों का कोई सुराग नहीं मिला है।

**केस 2**

### दो पक्षों में चले लात-घूसे, वीडियो बनाते रहे लोग

सप्ताहभर पूर्व ही डिज्नीलैंड मेले में दो पक्षों के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया, जो कुछ ही देर में मारपीट में बदल गया। बताया गया कि दोनों पक्षों के दर्जनभर से अधिक युवक मेला देख कर जैसे ही बाहर निकले उनके बीच किसी बात को लेकर कहानुसनी हो गई। देखते ही देखते यह कहासुनी विवाद और मारपीट में तब्दील हो गया। भीड़ के बीच युवक एक-दूसरे को लात-घूसों, हाथ-मुक्कों से जमकर मारने लगे। झगड़ा को देख मौके पर भगदड़ की स्थिति निर्मित हो गई। लोग घबरा कर वहां से इधर-उधर भागने लगे। वहीं कुछ लोग इसका वीडियो भी बनाने लगे, जोकि बाद में काफी वायरल हुआ। खास बात यह है कि यहां खुलेआम मारपीट होती रही और कोई भी पुलिस का जवान नहीं पहुंचा। जिससे यहां आने वाले लोग खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे हैं।

**केस 3**

### मीना बाजार संचालक के लठैतों ने युवक को डंडों से पीटा

कुछ दिन पूर्व ही मीना बाजार संचालक हुमायू अंसारी के लठैतों ने उसके इशारों पर एक युवक की डंडों से बेरहमी से पिटाई कर दी। इस घटना में युवक अधमरा हो गया। चौकाने वाली बात यह है कि मौके पर जूटमिल थाने के पुलिसकर्मी भी मौजूद थे, लेकिन रसूख के आगे उनके हाथ बंधे नजर आए। ऐसे में मौके पर मौजूद लोगों ने जब इस घटना का वीडियो बनाया तो लठैतों द्वारा उन्हें डरा धमका कर वीडियो को डिलीज करा दिया गया। हालांकि पूरा माजरा वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया, लेकिन पुलिस ने इस ओर कोई कार्रवाई नहीं करते हुए अपने कर्तव्यों से पल्ला झाड़ लिया। यही कारण है कि स्थानीय निवासी शुरू से ही यहां मीना बाजार के संचालन को लेकर विरोध करते हैं, लेकिन नगर निगम, जिला प्रशासन और पुलिस की मिली भगत से चोरी-छिपे इसकी अनुमति दे दी जाती है, जिसका खामियाजा आमजन को भुगतना पड़ता है।

### फ्लाईऐश के कारण किसानों का जीना दुश्वार

**झारसुगुड़ा।** उफ्तत्सा ने क्षेत्र में फ्लाईऐश प्रदूषण के कारण किसानों की बदहाल स्थिति पर गंभीर चिंता व्यक्त की है। औद्योगिक इकाइयों से निकलने वाली फ्लाईऐश के कारण कृषि भूमि की उर्वरता लगातार नष्ट हो रही है, जल स्रोत दूषित हो रहे हैं व जल प्राणी लुप्तप्राय होने के साथ किसानों की आजीविका संकट में है। कृषि पर सीधे प्रभाव का मुख्य कारण फ्लाईऐश है। फ्लाईऐश के द्वारा मिट्टी की गुणवत्ता खराब हो रही है, जिससे फसल उत्पादन में 30-40 प्रतिशत की कमी आई है। वहीं स्वास्थ्य संकट के रूप मेँ स्थानीय लोगों में स्वांस व हृदय संबंधी बीमारियों मुख्यतः और त्वचा रोगों में वृद्धि हो रही है। जल प्रदूषण से नदियों और तालाबों में फ्लाईऐश के मिश्रण के कारण पेयजल और सिंचाई के लिए पानी की भी कमी दर्ज की गई है। गौरतलब है कि किसानों की मदद व सब्सिडी या आर्थिक सहयोग के बजाए बीजद व भाजपा आरोप-प्रत्यारोप मेँ व्यस्त हैं। परिवहन ठेका इस मामले को और गंभीर बनाता है व ओड़शिा प्रदूषण नियंत्रण विभाग की मूकदर्शिता चर्चा का कारण है। आर्थिक नुकसान के तहत किसानों की आय में भारी गिरावट आई है। कई परिवार कर्ज के बोझ तले दब चुके हैं व किसी भी तरह की अनहोनी से इन्कार नहीं किया जा सकता।

# रेलवे लाइन से कॉपर वायर चोरी करने वाले गिरोह के 5 आरोपियों को पुलिस ने दबोचा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**
- घरघोड़ा पुलिस ने आरोपियों से 1900 मीटर से अधिक वायर किए जप्त

घरघोड़ा पुलिस ने नवनिर्मित रेलवे लाइन से कॉपर वायर और अन्य उपकरण चोरी करने वाले संगठित गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए पांच आरोपियों को गिरफतार कर लिया है। पुलिस ने आरोपियों से लगभग 1900 मीटर से अधिक तांबे के तार, कैटनरी व कांटेक्ट तार, क्लिप, पिन सहित ओएचई फिटिंग्स बरामद की है, जिसकी कुल कीमत 88 हजार रुपए बताई जा रही है। इसके साथ ही पुलिस ने चोरी में प्रयुक्त बाइक, लोहे की आरीपत्ती और टांगी भी जप्त किया है। इस कार्रवाई से



थाना घरघोड़ा में दर्ज तीन अलग-अलग चोरी के मामलों का खुलासा हुआ है।

दरअसल शनिवार को पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम नुनदरहा के कुछ युवक चोरी का कॉपर वायर छिपाकर रखे हैं और ग्राहक की तलाश में हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने दुष्यंत यादव, गजानंद चौहान, सचित चौहान, लवकेशचंद्र चौहान और पुरन चौहान को पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपियों ने तीन वारदातों का खुलासा किया। उन्होंने कबूल किया कि 30 जून की रात दुष्यंत, गजानंद और सचित ने घरघोड़ा-भालुमुड़ा के बीच रेलवे लाइन से तांबा कैटनरी तार कीमती 15 हजार रुपये, 23 जुलाई को दुष्यंत, लवकेश और पुरन ने ग्राम कंचनपुर क्षेत्र से कैटनरी और कांटेक्ट तार, क्लिप, पिन, स्विवेल क्लिप, जम्पर व स्प्राइस कीमती 41 हजार रुपए व 30 जुलाई की रात पुनः दुष्यंत, लवकेश और पुरन ने घरघोड़ा-भालुमुड़ा के बीच से तांबा तार कीमती लगभग 32 हजार रुपए की चोरी की थी। पुलिस ने आरोपियों के मेमोरेंडम के आधार पर तीनों अपराधों में प्रयुक्त औजार और चोरी किया गया सामान जब्त किया है। सभी आरोपी घरघोड़ा के ग्राम नुनदरहा के रहने वाले हैं, जिन्हें रिमांड पर भेजा गया है।

# टेंडर का झांसा देकर महिला से 50 लाख ठगी, ठगबाज सुदीप गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

**खास बात**
- चक्रधरनगर पुलिस ने तथाकथित पत्रकार व ठगी के आरोपी को धोखाधड़ी मामले में भेजा जेल

नाबार्ड टेंडर का झांसा देकर महिला से 50 लाख की ठगी करने वाले तथाकथित पत्रकार व महाठग सुदीप मंडल को चक्रधर नगर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। आरोपी अपराध दर्ज होने के बाद से फरार था, जिसे पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। मामला ग्राम खोखरी, थाना शिवरीनारायण, जिला जांजगीर-चांपा की महिला अनिता साहू की लिखित शिकायत से जुड़ा है। जिसमें असीम कृपा फाउंडेशन के संचालक रंजीत चौहान और अन्य पर लाखों रुपए की ठगी का आरोप दर्ज कराया गया था। शिकायतकर्ता के अनुसार महानदी एग्रो फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी जो कृषि उत्पादों का व्यवसाय करती है, को नवंबर 2024 में रंजीत चौहान ने नाबार्ड का 6 करोड़ रुपए का फर्जी टेंडर दिखाकर विश्वास दिलाया कि कंपनी को



बड़ा फायदा होगा। उसने भरोसा जताने के लिए टेंडर की नकली प्रति और 50 लाख रुपए का चेक दिखाया तथा आर्डर के पहले 50 लाख रुपए जमा करने की मांग की। इसके झांसे में आकर कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टरों ने 27 लाख रुपए फाउंडेशन के खाते में और 23 लाख रुपए नगद दिए। जांच में यह पूरा प्रकरण फर्जी पाया गया और आरोपियों के खिलाफ थाना चक्रधरनगर में 21 मई को अपराध दर्ज किया गया। मुख्य आरोपी रंजीत चौहान को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। जबकि सह-आरोपी सुदीप मंडल व अन्य फरार थे, जिनकी लगातार पतासाजी की जा रही थी और 22 अगस्त को आरोपी सुदीप मंडल को पुलिस ने पकड़ लिया। गिरफ्तार आरोपी सुदीप मंडल पिता अर्जुन मंडल उम्र 40 वर्ष निवासी सुभाष नगर बंगाली कॉलोनी चक्रधरनगर रायगढ़ को चक्रधरनगर पुलिस ने न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

**काफू थाना क्षेत्र का मामला, घायलों को अस्पताल में कराया गया भर्ती**

# मालवाहक पलटने से आधा दर्जन से अधिक लोग घायल

**रायगढ़।** कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत 30 लोगों से भरी एक मालवाहक (छोटा हाथी) अनियंत्रित होकर पलट गई। जिससे वाहन में सवार आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए। इस घटना के बाद घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर मामले को विवेचना में लिया है। दरअसल कापू थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम लिप्ती निवासी अजय कुजूर ने थाने में रिपोर्ट लिखाते हुए बताया कि 21 अगस्त को उनके गांव से देवी उपासना में रतनपुर से लोगों को लिप्ती लाना था। वह अपने एक साथी संजय दास महंत व छोटा हाथी वाहन के चालक राकेश कुमार के साथ रतनपुर पहुंचा। जहां ग्राम रनपुर, नावापारा रतनपुर व कुम्हीचुंआ के 30-35 महिला-पुरूष को वाहन में बैठाकर वापस अपने गांव लिप्ती आ रहे थे। रात करीब साढ़े 9 बजे के जब वे लोग गोढी खुर्द सरना मेन रोड के पास पहुंचे ही थे कि चालक तेज एवं लापरवाहीपूर्वक वाहन चलाते हुए छोटा हाथी वाहन को पलटा दिया। जिससे मौके पर लोगों की चीख पुकार मच गई। इस घटना में उसे व वाहन में बैठे अन्य लोगों को भी चोट आई हैं। इस घटना में घायल छह से सात लोगों को कापू के सीएचसी में भर्ती कराया गया हैं, जहां उनका इलाज जारी है। शिकायत के बाद पुलिस ने वाहन चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

# राइसमिल में घुस कर हाथी ने खाया धान, मची अफरा-तफरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के धरमजयगढ़ वन मंडल में बीती रात राइसमिल के मेन गेट तोड़कर एक दंतैल हाथी अंदर घुस गया। जिससे वहां अफरा-तफरी मच गई। हाथी ने कुछ बोरी धान को खाया और फैलाया भी दिया। हाथी मित्र दल की टीम ने किसी तरह हाथी को भगाया, इसके बाद भी हाथी तीन बार राइस मिल में घुसा। जिससे वहां काम करने वाले कर्मचारियों ने पूरी रात दहशत में गुजारी।

दरअसल बीती रात करीब 12 बजे के धरमजयगढ़ वन मण्डल के तराईमार परिसर के अंतर्गत आने वाले मेढरमार गांव में संचालित संजय राइसमिल के गेट को तोड़कर एल दंतैल हाथी अंदर घुसा गया। जिससे वहां अफरा-तफरी का माहौल निर्मित हो गया। इस दौरान हाथी ने यहां कई बोरी धान को खाया और फैला दिया। इस मामले की जानकारी मिलते ही हाथी मित्र दल की टीम मौके पर पहुंची और फिर हाथी को जंगल की तरफ भगाया गया।



**तीन बार राइसमिल में घुसा**

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि सबसे पहले यह हाथी 10 बजे के आसपास आमगांव की तरफ से आकर राइसमिल में घुसा था। दूसरी बार 12 बजे और तीसरी बार सवा 1 बजे के आसपास राइस मिल घुसा। इस दौरान हाथी मित्र दल की टीम हर बार मौजूद रही और हाथी को वापस जंगल तरफ भगाती रही। साथ ही राइस मिल के कर्मचारियों को सतर्क रहने को कहा गया।

## चार ब्लॉक में एनपीके जीरो, तीन ब्लॉकों में डीएपी खत्म, चक्काजाम की चेतावनी

# खाद संकट: खेतों में धान और समितियों में ताले

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

जिले के किसानों के लिए इस खरीफ सीजन में खाद की किल्लत बड़ी चुनौती बन गई है। खरसिया, पुसौर, धरमजयगढ़ और घरघोड़ा ब्लॉक में एनपीके का स्टॉक पूरी तरह खत्म हो गया है। वहीं खरसिया, घरघोड़ा और लैलूंगा में डीएपी भी लगभग खत्म हो चुका है। समितियों में खाद का स्टॉक जीरो हो गया है और किसानों में अफरा-तफरी का माहौल है। धान की फसल में खाद डालने का अनुकूल समय होने के बावजूद किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है।

वर्ष 2024 की तुलना में इस बार खाद का भंडारण काफी कम हुआ है। पिछले साल जिले में करीब 8100 टन डीएपी वितरित हुआ थाए जबकि इस साल महज 4190 टन ही उपलब्ध कराया गया है। धान का रकबा बढ़ने के बावजूद आपूर्ति कम होने से संकट गहराता जा रहा है। शासन ने डीएपी की कमी को एनपीके से पूरा करने का निर्देश दिया थाए लेकिन अब वह भी उपलब्ध नहीं है। घरघोड़ा और लैलूंगा में यूरिया भी खत्म होने की स्थिति में है।



### प्रशासन के लिए बड़ी चुनौती

जिले में लगातार उठ रही किसानों की नाराजगी अब प्रशासन के लिए चुनौती बन गई है। खाद का संकट यदि जल्द नहीं सुलझा तो बड़े आंदोलन की स्थिति बन सकती है। किसान संगठनों ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार और विभाग जिम्मेदारी तय करें और जल्द से जल्द पर्याप्त खाद की आपूर्ति सुनिश्चित करें।

### पिछले साल से आधा भंडारण ही उपलब्ध

आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2024 की तुलना में इस बार खाद का भंडारण आधा ही हुआ है। पिछले साल जिले में करीब 8,100 टन डीएपी वितरित किया गया थाए जबकि इस साल महज 4,190 टन ही किसानों को उपलब्ध कराया गया है। धान का रकबा बढ़ने के बावजूद आपूर्ति में कटौती से स्थिति और गंभीर होती जा रही है। शासन ने डीएपी की कमी को एनपीके से पूरा करने के निर्देश दिए थे, लेकिन अब एनपीके भी समितियों में उपलब्ध नहीं है।

### आंदोलन की राह पर किसान

खरसिया में किसानों ने पहले ही दो बार खाद संकट को लेकर आंदोलन किया है। अब पुसौर के किसानों ने तहसीलदार को ज्ञापन सौंपते हुए 25 अगस्त को चक्काजाम की चेतावनी दी है। किसानों का आरोप है कि समितियों में खाद उपलब्ध नहीं है, जबकि निजी दुकानों में ब्लैक में महंगे दामों पर बेचा जा रहा है। किसानों का कहना है कि छोटे धान की बुआई का समय निकल रहा है और यदि तत्काल खाद की आपूर्ति नहीं की गई तो उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ेगा।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई
ITI RAIGARH
Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)
भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट
REGISTRATION OPEN
• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)
• FITTER 2 Year (10th Pass)
उड़ीसा रोड, काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)
89595-93923 • 89595-44444

**खबर संक्षेप**

### डेम मरम्मत के लिए 3 करोड़ की स्वीकृति

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के प्रयास से जिले के फरसाबहार विकास खंड के कोनपारा तालाब (दलटोली डेम) का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य की प्रशासकीय स्वीकृति दी गई है। राज्य शासन द्वारा विकासखंड फरसाबहार की कोनपारा तालाब दलटोली डेम का मरम्मत एवं जीर्णोद्धार कार्य हेतु लागत राशि 347.21 लाख (तीन करोड़ सैतालीस लाख ईक्कीस हजार) प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है।

### विद्यार्थियों को दी योग आयुर्वेद की जानकारी

**अम्बिकापुर।** शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में गुरूवार को सुबह 11 बजे से 12.30 बजे तक पतंजलि योग समिति के सह राज्य प्रभारी कमलेश योगी द्वारा छात्र-छात्राओं को योग, आयुर्वेद, आहार, चिकित्सा के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गयी। उन्होंने बताया कि योग को अपनाकर शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक रूप से स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। योग से नशा, वासना, रसना, अपराध, आत्महत्या से बचा जा सकता है। साथ ही जीवन को उत्साह में परिवर्तित किया जा सकता है। योग से स्वस्थ, सफलता, शक्ति, समृद्धि प्राप्त होती है तथा व्यक्ति योग्य, उपयोगी एवं सहयोगी बनता है।

### ग्राम उत्कर्ष अभियान हेतु सीईओ नोडल अधिकारी

**अम्बिकापुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास विभाग रायपुर द्वारा जारी निर्देश के परिपालन में धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान वर्ष 2024-25 अंतर्गत जिला सरगुजा के 416 चिन्हित जनजाति बाहुल्य ग्रामों में योजना के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला स्तर पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विनय कुमार अग्रवाल को नोडल अधिकारी नामित किया गया है। वहीं विकासखण्ड अम्बिकापुर हेतु अम्बिकापुर जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी राजेश सिंह सेंगर, विकासखण्ड लुण्ड्रा हेतु जनपद पंचायत लुण्ड्रा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री प्रीति भगत, विकासखण्ड बतौली हेतु जपं बतौली के सीईओ लक्ष्मी नारायण सिदार, विकासखण्ड सीतापुर हेतु जपं सीतापुर के सीईओ सुश्री खुशबू शास्त्री, विकासखण्ड मैनपाट हेतु जपं मैनपाट के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुबेर सिंह उरेती, विकासखण्ड लखनपुर हेतु जनपद पंचायत लखनपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. स्वेच्छा सिंह एवं विकासखण्ड उदयपुर हेतु जनपद पंचायत उदयपुर के मुख्य कार्यपालन अधिकारी वेद प्रकाश गुप्ता नोडल अधिकारी होंगे।

### कोतबा में दुर्गा पूजन एवं दशहरा की तैयारियों के लिए हुई बैठक

**कोतबा।** धर्म नगरी कोतबा में नवरात्र अनोखी व भव्य होती है। यहां कई दशक से एक ही स्थान तिलगोड़ा प्रांगण में पंडाल में विराजमान होती है माता दुर्गा,यहां 9 दिनों तक विधिविधान से पूजन हवन के साथ क्षेत्र के 21 से अधिक गाँवो के 5000 से अधिक भक्त एक साथ महाआरती में सम्मिलित होते हैं। यह आयोजन न केवल आस्था का प्रतीक है। बल्कि क्षेत्र में एकता की मिसाल बन गया है इस आयोजन के संचालन के लिए समिति का गठन कर अध्यक्ष उपाध्यक्ष सहित पदाधिकारी न बनाकर पूरा नगर के स्वयंसेवक कार्यकर्ता एकजुट होकर कार्यो का प्रभार लेकर आयोजन को भव्य बनाते है पूरे क्षेत्र में केवल एक ही जगह दुर्गा पूजन का आयोजन भक्ति भाव के साथ संपन्न होता है। इस वर्ष आयोजित सार्वजनिक दुर्गा पूजन समारोह,रावण दहन एवं दशहरा पर्व सहित नवरात्र महोत्सव के सफल आयोजन के लिए नगरवासी एकजुट हो कर बैठक किए। इस अवसर पर सेठ गोपीराम धर्मशाला में आयोजित बैठक में भारी संख्या में नगरवासी, भक्त एवं श्रद्धालुजन उपस्थित रहे। बैठक में सर्वसम्मति से विभिन्न कार्यों के लिए नगरवासियो मे से विभिन्न व्यक्तियों को अलग-अलग कार्यों के प्रभार दिए गए।जिसमें भंडार कक्ष, वित्तीय प्रभार , स्थापना स्थल व्यवस्था प्रभार, प्रसाद वितरण प्रभार, संरक्षक एवं यजमान का मनोनयन किया गया।

## वाहन तो दूर, पैदल चलना भी है मुश्किल

# कीचड़-पानी से दलदल बनी सड़क पुतली-अमडीहा के ग्रामवासी परेशान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

विकासखंड फरसाबहार की एक बड़ी आबादी आज भी पक्की सड़क के अभाव में जी रही है। ग्राम पुटली से अमडीहा और पुटली से जामबहार मेन रोड तक करीब 10 किलोमीटर लंबा सड़क मार्ग आज भी कीचड़, गड्ढों और दलदल से भरा है। बरसात के दिनों में यह रास्ता इतना खराब हो जाता है कि गांव पूरी तरह से मुख्य मार्ग से कटकर अलग-थलग पड़ जाता है।

पुटली के वार्ड क्रमांक 13, 14 और 15 में करीब 100 परिवार रहते हैं, जिनकी कुल आबादी लगभग 300 लोग है। बरसात शुरू होते ही इन वार्डों से आने-जाने का एकमात्र रास्ता कीचड़ और पानी से लबालब भर जाता है। हालत यह है कि पैदल चलना भी मुश्किल हो जाता है, वाहन तो दूर की बात है। गांव के लोग इसे मज़ाक में 'पुटली टापू' कहते हैं, लेकिन उनके लिए यह मज़ाक नहीं बल्कि साल दर साल झेली जाने वाली एक गंभीर समस्या है।



#### मरीजों को खटिया पर ले जाना पड़ता है

गांव के बुजुर्ग जुलियस तिर्की बताते हैं कि बरसात में अगर कोई बीमार हो जाए तो हम मरीज को खटिया में लादकर, चार–छह लोग मिलकर मुख्य सड़क तक ले जाते हैं। कई बार मरीज की हालत बिगड़ जाती है क्योंकि समय पर अस्पताल नहीं पहुँच पाता। यहाँ तक कि शव वाहन भी गाँव तक नहीं पहुँच पाता। अंतिम संस्कार के लिए भी परिजनों को शव को उठाकर, कंधों पर मुख्य सड़क तक ले जाना पड़ता है। आपात स्थितियों में जीवनरक्षक सेवाएँ समय पर न मिल पाने से कई बार गंभीर हालात बन जाते हैं, और कई जानें भी चली गई हैं।

#### बरसाती दिनों में वैकल्पिक रास्ता तैयार किया जाए

मानसून के समय आवागमन सुचारु रखने के लिए वैकल्पिक मार्ग या अस्थायी पुलिया का निर्माण किया जाए। आपातकालीन सेवाओं की पहुँच गाँव में एम्बुलेंस, शव वाहन और राहत सेवाएं सुनिश्चित की जाएं। ताकि ग्रामीणों को परेशानियों का सामना ना करना पड़े।

#### लिखित ज्ञापन भी दिया जा चुका

अमडीहा के सरपंच बालक साय ने बताया कि सड़क निर्माण की माँग को लेकर कई बार पंचायत और बगिया में लिखित ज्ञापन दिया है। अधिकारियों ने निरीक्षण भी किया, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है।

#### वर्षों से संघर्ष, लेकिन नतीजा शून्य

अनीता लकड़ा, जो गांव की सक्रिय महिला प्रतिनिधि हैं, कहती हैं कि हमने पंचायत से लेकर जिला मुख्यालय तक कई बार आवेदन दिया। हर बार आश्वासन मिला कि सड़क बनेगी, लेकिन आजादी के 78 साल बाद भी पक्की सड़क के लिए हमें इंतजार करना पड़ रहा है। अमडीहा के उपसरपंच दीपक लकड़ा ने भी यही पीड़ा जताई। उनके अनुसार यह केवल परिवहन का मुद्दा नहीं है, बल्कि यह लोगों के जीवन, स्वास्थ्य और शिक्षा से जुड़ा हुआ है।

#### आंदोलन की चेतावनी

ग्रामीणों का कहना है कि अब धैर्य जवाब दे चुका है। यदि जल्द ही सड़क निर्माण का काम शुरू नहीं हुआ, तो वे सामूहिक रूप से उग्र आंदोलन करेंगे। गांव के युवाओं ने पहले से ही सोशल मीडिया पर इस मुद्दे को उठाना शुरू कर दिया है, और जिले के कई सामाजिक संगठनों ने भी उनका समर्थन जताया है।ग्रामीणों की मुख्य माँगों में तत्काल सड़क निर्माण हो पुटली से अमडीहा और पुटली से जामबहार मेन रोड तक पक्की सड़क बनाई जाए।

## ग्राम पंचायत सलका स्थित प्राथमिक शाला प्रधान पाठक के भरोसे



हरिभूमि न्यूज ⏭ मानीचौक

प्राथमिक शिक्षा बच्चों के नींव को मजबूती प्रदान करने वाली शिक्षा होती है। ऐसे में नींव ही कमजोर हो जाए तो बच्चों के उज्जवल भविष्य पर क्या असर पड़ेगा यह आसानी से समझा जा सकता है। बच्चों को बेहतर शिक्षा मिल सके इसे लेकर शासन-प्रशासन न सिर्फ गंभीर है बल्कि शिक्षा को बढ़ावा देने कई योजनाएं चला रही।

प्राथमिक पाठशाला से ही बच्चों को शासन स्तर से योजना के तहत कई शिक्षण सामग्री उपलब्ध कराई जाती है। परंतु स्कूल में शिक्षक की कमी की समस्या दूर नहीं हो सकी। कुछ इस तरह की स्थिति ग्राम पंचायत सलका गोडपारा में संचालित शासकीय प्राथमिक पाठशाला की है जहां प्रधान पाठक के भरोसे स्कूल संचालित है। एक शिक्षक होने से बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होने लगी है। हैरानी की बात तो यह है कि स्कूल के सहायक शिक्षक फरवरी माह से नदारद है। ऐसे में स्कूल में एक शिक्षक होने से बच्चों की पढ़ाई पर विपरीत असर पड़ने से अभिभावकों आक्रोश है। सूरजपुर ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत सलका गोड पारा में संचालित शासकीय प्राथमिक शाला में दो स्टॉप है ।

#### अधिकारियों को कराया गया है अवगत

संकुल समन्वयक द्वारा सहायक शिक्षक के बिना बताए ही स्कूल से अनुपस्थित होने की लिखित सूचना उच्च कार्यालय को प्रस्तुत किया है। साथ ही उच्च अधिकारियों को इस संबंध में अवगत कराया गया। इसके बाद भी आज तक सहायक शिक्षक बिना सूचना के अनुपस्थित हैं।

-दुलेश्वर प्रसाद राजवाड़े
प्रधान पाठक

#### तीन बार दिया गया है नोटिस

हमने अपने स्तर से विभाग में लिखित सूचना दिए हैं जिस पर विभाग से सहायक शिक्षक को तीन बार नोटिस भी दिया जा चुका है। लेकिन आज तक सहायक शिक्षक ने न तो उच्च कार्यालय को और न ही संकुल को जवाब दिया है।

-अशोक परस्ते, संकुल समन्वयक

#### मामले की कराई जाएगी जांच

स्कूल से सहायक शिक्षक बिना सूचना दिए है अनुपस्थित है तो इसकी जांच कराई जाएगी। जांच उपरांत मामला सही पाए जाने पर सहायक शिक्षक के विरूद्ध कार्रवाई की जाएगी।

-अजय मिश्रा, जिला शिक्षा अधिकारी

## एनएसयूआई का अल्टीमेटम, प्राचार्य के खिलाफ सोमवार से उग्र आंदोलन

**घरघोड़ा।** नगर के पीएमश्री आत्मानंद हाई स्कूल घरघोड़ा में प्रभारी प्राचार्य संजय पंडा की मनमानी तानाशाही रवैया और छात्रों, शिक्षकों के साथ हो रहे लगातार दुर्व्यवहार से अब हालात विस्फोटक हो गए हैं। छात्र संगठन एनएसयूआई ने सोमवार से उग्र आंदोलन का ऐलान कर दिया है।

- छात्रों और शिक्षकों पर लगातार अत्याचार, शिकायतों के बाद भी कार्रवाई नहीं

एनएसयूआई का आरोप है कि प्राचार्य पंडा छात्रों को प्रताड़ित करते हैं, उनका प्रवेश रोकते हैं और दबाव बनाकर शिक्षा का माहौल बिगाड़ रहे हैं। अभिभावक भी लगातार अव्यवस्थाओं से नाराज हैं। एनएसयूआई जिला उपाध्यक्ष आदित्य दासे ने बताया कि पहले ही ज्ञापन देकर प्राचार्य पर लगे गंभीर आरोपों की जांच की मांग की गई थी, लेकिन विभाग ने रिपोर्ट दबा दी। इससे साफ है कि छात्रों की आवाज को कुचलने की कोशिश हो रही है। एनएसयूआई ने प्रशासन को चेतावनी दी है।

अगर तत्काल जांच रिपोर्ट सार्वजनिक कर दोषी प्राचार्य को नहीं हटाया गया, तो सोमवार से स्कूल प्रांगण में धरना, प्रदर्शन और घेराव किया जाएगा। आदित्य दास ने कहा यह सिर्फ छात्रों का सवाल नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था का मामला है। जब तक न्याय नहीं मिलेगा, आंदोलन जारी रहेगा।



#### छात्रों के भविष्य से खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

एनएसयूआई ने कहा कि अगर कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन जिलेभर में फैलाया जाएगा। संगठन ने साफ कहा कि छात्रों की पढ़ाई और भविष्य के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

## बाइक चोरी मामले में दो युवक गिरफ्तार

**बिश्रामपुर।** करंजी पुलिस ने सफलता हासिल करते हुए एक मोटरसाइकिल चोरी मामले के आरोपियों को पकड़ा है।पुलिस ने बताया कि गत दिनों 29 जुलाई को ग्राम दतिमा निवासी प्रार्थी कॉलरीकर्मी 58 वर्षीय गुलजार मोहम्मद पिता सहाबुद्दीन ने शिकायत दर्ज कराई कि 28 जुलाई की रात उनके घर की बाउंड्री के अंदर खड़ी हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक सीजी 15 डीएक्स 3945 को अज्ञात चोरों द्वारा चुरा लिया गया है।शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धारा 331(4), 305 बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की थी।कुछ दिनों पश्चात दिनांक 22 जुलाई दिन शुक्रवार को पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि चोरी किये गये बाइक को दो युवक कमलापुर गांव से कुम्दा 7-8 खदान की तरफ जा रहे हैं ।,इस पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए चोरी गई मोटरसाइकिल को बरामद कर दो आरोपियों क्रमशः ग्राम अजिरमा, शांतिनगर अम्बिकापुर निवासी 38 वर्षीय राकेश तिग्गा उर्फ छोटू पिता गेबरियल तिग्गा व अजिरमा शांतिनगर अम्बिकापुर निवासी 21 वर्षीय राहुल खलखो पिता स्व.जय सिंह खलखो को गिरफ्तार कर सूरजपुर न्यायालय पेश कर दिया है।

#### आश्रम/छात्रावासों के लिए चयनित महिला अभ्यर्थी की ज्वाइनिंग 1 सितंबर से

बलरामपुर। नगर सेना विभाग के 1715 महिला नगर सैनिकों (छात्रावास ड्यूटी) तथा 500 नगर सैनिकों (जनरल ड्यूटी) के रिक्त पदों पर भर्ती का अंतिम परिणाम 8 अगस्त को जारी किया गया है। इस संबंध में जिला सेनानी नगर सेना बलरामपुर के द्वारा जानकारी दी गई है कि जिले में आश्रम छात्रावास के लिए चयनित हुई महिला अभ्यर्थियों को ज्वाइनिंग 1 सितंबर से 10 सितंबर तक कार्यालय नगर सेना बलरामपुर में लिया जाएगा। साथ ही ज्वाइनिंग लेने के पश्चात 15 सितंबर से बेसिक बुनियादी प्रशिक्षण भी प्रारंभ किया जाएगा।

## 38 दिनों में जिले के 49 सौ प्रतिभागी शिक्षक प्रशिक्षित



**जशपुरनगर।** कलेक्टर रोहित व्यास एवं सीईओ जिला पंचायत अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित 'यशस्वी जशपुर'कार्यक्रम के अंतर्गत 38 दिनों तक लगातार चले इस व्यापक अभियान में प्राथमिक, पूर्व माध्यमिक, हाई और हायर सेकंडरी विद्यालयों में बेहतर शिक्षा गुणवत्ता के लिए प्रशिक्षण सत्र आयोजित किए गए।

- यशस्वी जशपुर उन्मुखीकरण प्रशिक्षण का समापन

अंतिम दिन पत्थलगांव विकासखंड के प्राथमिक विद्यालयों के प्रधान पाठकों के उन्मुखीकरण के साथ प्रशिक्षण का समापन हुआ। जिले के लगभग 4900 प्रतिभागी शिक्षकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया, जिनमें प्राथमिक और पूर्व माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान पाठक, हाई और हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्य, व्याख्याता, छात्रावास अधीक्षक, ग्रंथपाल, प्रयोगशाला सहायक सहित बीईओ, एबीईओ, बीआरसीसी, संकुल समन्वयक, व्यायाम शिक्षक शामिल रहे। संकल्प शिक्षण संस्थान जशपुर में आयोजित इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य शिक्षा गुणवत्ता में वृद्धि, नेतृत्व क्षमता विकास, उपचारात्मक शिक्षा के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास की दिशा में विद्यालयों की भूमिका को सशक्त करना तथा शिक्षकीय अमले में आत्मविश्वास एवं कार्यकुशलता का विकास करना रहा। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम प्रभारी अधिकारी प्रशांत कुशवाहा, डीईओ पीके भटनागर के निर्देशन में आयोजित हुआ है। संकल्प के प्राचार्य विनोद गुप्ता ने प्रशिक्षण में प्रतिदिन विशेष सत्र लिया। स्कूल रेडिनेस, राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020, प्रोजेक्ट कार्य, माइंड मैपिंग, टीम वर्क, संवाद कौशल, व्यवहार प्रबंधन, डिजिटल टूल्स का उपयोग, गुणवत्तापूर्ण शिक्षण की नवीन तकनीकों, विज्ञान प्रयोगों के साथ अध्यापन, उपचारात्मक शिक्षण, नेतृत्व क्षमता, चुनौतियां और समाधान प्रशिक्षण के मुख्य विषयों में शामिल रहे । प्रशिक्षण आयोजन में यशस्वी जशपुर के संजीव शर्मा, अवनीश पाण्डेय और शिक्षक संजय दास, सीमा गुप्ता राजेंद्र प्रेमी की भूमिका विशेष रही।

## ई चालान व पार्किंग समाधान में जुटे ट्रांसपोर्टर्स



**राउरकेला।** राउरकेला गुड्स ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन आरजीटी के प्रतिनिधि मंडल ने डीआईजी पश्चिमांचल रेंज बृजेश राय से भेंट कर परिवहन उद्योग से जुड़ी विभिन्न समस्याओं पर चर्चा की। इस दौरान विशेष रूप से बाहर से आने वाली गाड़ियों पर पार्किंग के नाम पर 20 हजार से 30 हजार रुपए तक के ई चालान काटे जाने की समस्या को प्रमुखता से उठाया गया। प्रतिनिधियों ने बताया कि अनावश्यक ई चालानों के कारण राउरकेला मंडी में बाहरी गाड़ियों का आना कम हो गया है जिससे आवश्यक वस्तुओं और सब्जियों के दाम बढ़ने लगे हैं। यदि स्थिति यथावत रही तो इसका सीधा असर आम उपभोक्ताओं पर पड़ेगा और स्थानीय अर्थव्यवस्था प्रभावित होगी। आरजीटीए के अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने कहा कि शहर व आसपास उचित पार्किंग स्थल उपलब्ध नहीं होने के बावजूद नो पार्किंग के नाम पर ई चालान काटना उचित नहीं है। उन्होंने मांग की है कि इस प्रक्रिया को तुरंत रोका जाए। प्रशासन की ओर से सकारात्मक आश्वासन मिलने पर आरजीटीए ने आभार व्यक्त किया और अन्य परिवहन व्यवसाय से संबंधित मुद्दों को भी अवगत कराया। प्रतिनिधिमंडल में राममेहर शर्मा, डॉ. राजकुमार यादव, मानस मोहंती, संदीप शर्मा, सोमवीर सांगवान, रमाशंकर प्रसाद और गौतम राय बब्लू शामिल थे।

## शहर में अवैध स्क्रैप के कारोबारियों का बोलबाला

**राउरकेला।** बरसात के मौसम में जहां आम कारोबारी मंदी की मार झेल रहे हैं वहीं स्क्रैप कारोबारियों का धंधा फल फूल रहा है। खासकर रहमतनगर और वेदव्यास क्षेत्र में जगह-जगह स्क्रैप गोदामों की भरमार ने शहरवासियों को परेशान कर रखा है। खुले मैदानों में ढेरों स्क्रैप का अंबार और रोजाना ट्रकों में भरकर बाहर भेजा जा रहा माल अब चर्चा का विषय बन चुका है।

- रहमतनगर व वेदव्यास में गोदामों की भरमार, चोरी के वाहनों की खपत

स्थानीय लोगों का कहना है कि रहमतनगर जिसे बांग्लादेशी प्रवासियों की बस्ती के रूप में जाना जाता है वहां स्क्रैप कारोबारियों का दबदबा लगातार बढ़ता जा रहा है। दूसरी ओर वेदव्यास क्षेत्र में कुआरमुंडा रोड, टिसीआई ओवरब्रिज, बेलडीह रोड, आईडीसी और सॉमिल चौक गली सहित कई स्थानों पर बड़े पैमाने पर स्क्रैप गोदाम चलाए जा रहे हैं। यहां ट्रकों में भरकर स्क्रैप की आपूर्ति स्थानीय फैक्ट्रियों के साथ साथ बाहर भी की जा रही है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि हाल ही में पुलिस कार्रवाई के दौरान खुलासा हुआ कि चोरी के दोपहिया से लेकर बड़े वाहन तक इन गोदामों में खपाए जा रहे हैं। बावजूद इसके स्क्रैप के अवैध कारोबार पर अंकुश नहीं लग पाया है न ही सक्रेप कारोबारियों के मनोबल में कोई कमी आई है। रूपटोला जैसे इलाकों में तो संगठित सिंडिकेट बनाकर यह धंधा चलाने की शिकायतें सामने आई हैं। आमजन का कहना है कि यह कारोबार न केवल अपराध को बढ़ावा दे रहा है बल्कि स्थानीय कानून व्यवस्था के लिए भी खतरा बनता जा रहा है। कुछ तथाकथित सफेदपोश व रसूख वाले लोगों का इस व्यापार में होना भी मामले को जटिल बनाता है। अब देखना यह होगा कि प्रशासन इस अवैध कारोबार पर कब और कितना सख्त कदम उठाता है।



## कलेक्टर ने खेतों में पहुंचकर डिजिटल फसल सर्वेक्षण का लिया जायजा

**बिश्रामपुर।** कलेक्टर एस जयवर्धन ने आज शुक्रवार को जिले के ग्राम कुरुवां और केशवनगर के खेतों में पहुंचकर डिजिटल फसल सर्वेक्षण कार्य का निरीक्षण किया। उन्होंने मौजूद राजस्व अधिकारीयों से कहा कि खरीफ वर्ष 2025-26 के अंतर्गत लगाए गए फसलों का डिजिटल सर्वेक्षण गुणवत्तापूर्ण किया जाना चाहिए,इस दौरान कलेक्टर ने सभी राजस्व अधिकारियों को सतत निगरानी रखने तथा निर्धारित तिथि तक सर्वेक्षण कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए हैं,इस अवसर पर सूरजपुर एसडीएम श्रीमती शिवानी जायसवाल व अन्य राजस्व अमला मौजूद रहे।

### जशपुरिया जायका कार्यक्रम में विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का प्रदर्शन

# पारंपरिक व्यंजन परंपरा और सामाजिक एकजुटता का प्रतीकः भगत

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत वशिष्ठ कम्युनिटी हाल में आयोजित जशपुरिया जायका कार्यक्रम में लोगों को जशपुर की संस्कृति में रची बसी आदिवासी समुदायों के पारंपरिक व्यंजनों को जानने और समझने का अवसर मिला। यहां पर जशपुर की स्थानीय जनजाति उरांव, गोंड, पहाड़ी कोरवा, बिरहोर, मुंडा, नगेशिया, कंवर, भूईहर, खैरवार और अगरिया जनजातियों के द्वारा प्रदर्शित की गई उनके पारंपरिक व्यंजनों ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। लोग इन व्यंजनों के बारे में जानने और समझने के लिए उत्सुक दिखाई दिए। पौष्टिकता और स्वादिष्ट से भरपूर ये व्यंजन इन जनजातीय समुदाय की परंपरा, संस्कृति और जीवनशैली को भी प्रदर्शित करती है। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि विधायक श्रीमती रायमुनी भगत सहित अन्य अतिथियों ने इन जनजातीय समुदायों द्वारा प्रदर्शित पारंपरिक व्यंजनों का अवलोकन किया।

- स्वादिष्ट होने के साथ ही पौष्टिकता से भरपूर होते हैं यह व्यंजन



**पूरी दुनिया को हो जानकारीः** जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार ने कहा कि जशपुरिया जायका कार्यक्रम का उद्देश्य जनजातीय समुदायों के पारंपरिक व्यंजनों के महत्व के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बताना है, ताकि यहां की संस्कृति और खानपान के बारे में पूरी दुनिया को जानकारी हो सके। इस अवसर पर नगर पालिका के सभी पार्षदगण राजेश कुमार गुप्ता, श्रीमती शैलेन्द्री यादव, श्रीमती कंचन बैरागी, विजेता भगत, शशि भगत, कमला बाई, और शबनम खातून, एसडीएम विश्वास राव मस्के, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, अधिकारी-कर्मचारी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं मौजूद रही।

#### आदिवासी संस्कृति को सहेजना हमारी जिम्मेदारी

इस अवसर पर विधायक श्रीमती रायमुनी भगत ने अपने संबोधन में जनजातीय संस्कृति, खान-पान, पूजा पद्धति, पारंपरिक व्यंजनों को सहेजने पर जोर देते हुए कहा कि हमारी आदिवासी संस्कृति पीढ़ी दर पीढ़ी चली आ रही है। आज के युवाओं को हमारी संस्कृति से परिचित कराने जशपुरिया जायका जैसे कार्यक्रम महत्वपूर्ण साबित होते हैं। उन्होंने कहा कि तीजा, जितिया, सोहराई, करमा सहित अन्य त्योहारों में अलग-अलग तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं। त्योहारों के साथ ही विभिन्न पकवानों का आनंद हमारी परंपरा और सामाजिक एकजुटता का प्रतीक भी है। इन व्यंजनों के माध्यम से हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और अपनी सांस्कृतिक पहचान को बनाए रखने का अवसर मिलता है।

## 109 महिलाओं की कैम्प में स्वास्थ्य जांच, चिकित्सकों ने दिए परामर्श



**जशपुरनगर।** छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के रजत जयंती वर्ष में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में मनाए जा रहे छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अंतर्गत शनिवार को वशिष्ठ कम्युनिटी हॉल में 'महतारी मेगा हेल्थ कैम्प' का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में महिलाओं ने अपने स्वास्थ्य की जांच कराई। जहां चिकित्सकों द्वारा तत्समय जांच कर परामर्श करते हुए उन्हें निःशुल्क दवाइयां भी प्रदान की। इस कैम्प में रक्तचाप, मधुमेह, मौसमी बुखार, जुखाम जैसी बीमारियों की जांच की गई। शिविर में कुल 109 महिलाओं की स्वास्थ्य की जांच चिकित्सकों द्वारा की गई। इस अवसर पर विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक कुमार, पार्षदगण राजेश कुमार गुप्ता, श्रीमती शैलेन्द्री यादव, कंचन बैरागी, विजेता भगत, शशि भगत, कमला बाई, शबनम खातून, जिला कार्यक्रम अधिकारी अजय शर्मा, विभागीय अधिकारी-कर्मचारी सहित महिलाएं मौजूद रहीं।

## खबर संक्षेप

### कलेक्टर से मिला वरिष्ठ नागरिक संघ का प्रतिनिधि मण्डल

**सूरजपुर।** वरिष्ठ नागरिक संघ का प्रतिनिधि मण्डल कलेक्टर से मिलकर संघ के कार्यालय तथा बापू की कुटिया में हुई चोरी के संबंध में अवगत कराया। संघ के संयोजक लालचंद अग्रवाल एवं अध्यक्ष अनिल गोयल ने कलेक्टर को बताया कि गत दिनों वरिष्ठ नागरिक संघ के कार्यालय में दो बार चोरी हुई थी और इस संबंध में थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई जा चुकी थी किन्तु चोर आज तक पकड़ में नहीं आए। इसके अलावा बापू की कुटिया में दो बार हुई चोरी के संबंध में कलेक्टर जानकारी देकर अवगत कराया। साथ ही कलेक्टर से विस्तृत चर्चा कर बापू की कुटिया में एक चौकीदार की व्यवस्था एवं सीसीटीवी कैमरा लगवाने की मांग की। जिस पर कलेक्टर ने बापू की कुटिया में चौकीदार की व्यवस्था करने तथा सीसी टी व्ही कैमरा लगवाने का आश्वासन दिया। इस दौरान संरक्षक हरिदास अग्रवाल, आरएस मिश्रा, सचिव मोती लाल गुप्ता उपस्थित थे।

### एनएच की जर्जर सड़क पर पलटा ई रिक्शा



**राजपुर।** एनएच 343 पर बने गड्ढे आए दिन दुर्घटना का कारण बन रहे है। शुक्रवार को फिर से गड्ढे को भरने के लिए डाले गए बड़े बड़े बोल्डर के कारण एक ई रिक्शा पलट गई। इस दौरान रिक्शा सवार लोगो को मामूली चोट आई है। इन घटनाओं को लेकर लोगों में रोष का माहौल है। बता दें कि राष्ट्रीय राजमार्ग 343 पर सड़क जर्जर हो चुकी है। सड़क पर बने गड्ढों के कारण आए दिन लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है। भारी वाहनों के आवागमन के कारण बने गड्ढों को भरने के लिए ठेकेदार द्वारा बड़े बड़े बोल्डर डाल दिए गये है जिससे लोगों की परेशानी और भी बढ़ गई है। शुक्रवार को भी एनएच की जर्जर सड़क के कारण एक हादसा हो गया जिसमें लोग बाल बाल बच गये। गड्ढों के कारण यात्रियों से भरी ई रिक्शा बीच सड़क पर पलट गई। ग्रामीण खाद लेकर गांव जा रहे थे। दुर्घटना के बाद ग्रामीण घायल हो गये जबकि बीज भीग गया। स्थानीय लोगों की मदद से ग्रामीण को उठाया गया। इस संबंध में पार्षद राजन त्रिपाठी ने बताया कि जर्जर सडक के कारण लोग दुर्घटना के शिकार हो रहे है लेकिन विभाग और ठेकेदार द्वारा समस्याओं पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। इस संबंध में एनएच के एसडीओ निखिल लकड़ा ने बताया कि बारिश के कारण सडक के गड्ढों को भरने का काम नहीं हो पा रहा है। बारिश के बाद सड़क मरम्मत का कार्य किया जाएगा। ठेकदार को निर्देश दिए गये है।

### खदान में दो सुरक्षाकर्मियों पर हमला

बिश्रामपुर। एसईसीएल बिश्रामपुर के खदान




क्षेत्रों में कबाड़ व केबल चोर गिरोह एक बार फिर से सक्रिय होकर आतंक फैला रहा है।घटना गुरुवार 21 अगस्त की मध्य रात्रि की बताई गई है,कुमदा रेलवे साइडिंग में ड्यूटी कर रहे दो सुरक्षा कर्मी जुगेश्वर और कन्नी लाल की लोहे की रॉड से पिटाई कर साइडिंग में लगा बीस मीटर से अधिक लाइटिंग केबल काट कर ले गए।मारपीट की घटना मध्य रात्रि करीब सवा दो बजे के आसपास की बताई गई है।लोहे की रॉड से मारपीट में जुगेशवर का पैर फैक्चर हो गया है एवं सब्बल से हमले में कन्नीलाल को सीने में चोटें आई है, दोनों आहतों को इलाज के लिए केंद्रीय चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।बताया गया कि गत सप्ताह 7-8 खदान के बूम बैरियर में लगे एसी को भी अज्ञात चोरों ने मध्यरात्रि में पार कर दिया था जिसकी रिपोर्ट भी पुलिस में दी गई है, साथ ही बूम बैरियर में लगे सीसी टीवी फुटेज भी खदान प्रबंधन ने पुलिस को उपलब्ध कराया है। जिसमें दो चोर वारदात को अंजाम देते कैमरे में दिख रहे हैं।खदान क्षेत्रों में कबाड़ और केबल चोरों के बढ़े हौसले से अब सुरक्षा कर्मी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहे है।घटना के दौरान चोरों द्वारा सुरक्षा कर्मियों की रेकी करने की भी जानकारी सामने आई है।बीती रात त्रिपुरा बटालियन की पेट्रोलिंग पार्टी कुमदा में मौजूद थी,जैसे ही गश्त पार्टी बिश्रामपुर के लिए रवाना हुई वैसे ही चोरों ने कुम्दा साइडिंग में हमला बोल दिया और दोनों सुरक्षा कर्मी का पहले मोबाइल लुट लिया, फिर पिटाई कर घायल करते हुए केबल काटकर ले गए।

### हाइवा की टक्कर से बाइक सवार दो युवक घायल

**प्रतापपुर।** धंधापुर निवासी दो युवक बाइक क्रमांक सीजी 15 ईडी 77113 से अंबिकापुर की ओर जा रहे थे। जैसे ही बाइक सवार खड़गवां मुख्य मार्ग पर पहुंचे तभी एसईसीएल कंपनी में चल रहे हाइवा क्रमांक सीजी 15 ईसी 3755 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार दोनों युवक घायल हो गए। घायलों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों ने एक युवक की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया।

# बेबदी में डायरिया से एक महिला की मौत, दो गंभीर

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

बलंगी क्षेत्र में डायरिया से एक महिला की मौत हो गई इसके साथ ही परिवार के दो सदस्यों की हालत गंभीर है। महिला को उल्टी-दस्त की शिकायत पर उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। इस घटना के बाद क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद सीएमएचओ, बीएमओ प्रभावित गांव पहुंचे। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में कैंप लगाने के निर्देश दिए गये है।

बताया जा रहा है कि जिले के बलंगी क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बेबदी निवासी 35 वर्षीया लीलावती पति सूरज लाल को 21 अगस्त को अचानक उल्टी दस्त की शिकायत शुरू हुई थी। लगातार उल्टी दस्त व हाथ पैर में खिचाव के कारण महिला को देर रात पीएचसी बलंगी से सिविल हॉस्पिटल वाड्रफनगर में भर्ती कराया गया था जहां चिकित्सकों द्वारा महिला का उपचार किया जा रहा था लेकिन शुक्रवार की सुबह 7 बजे महिला की उपचार के दौरान मौत हो गई। इसके साथ ही परिवार की 36 वर्षीया जुगमनिया पति रामलाल व 28 वर्षीया बिफिया पति राम शरण को भी उल्टी दस्त की शिकायत पर सिविल हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। वहीं एहतियातन परिवार के अन्य सदस्यों को भी पीएचसी बंगली में एडमिट करने के निर्देश दिए गये है। बताया जा रहा है कि गांव में सिर्फ एक ही परिवार में डायरिया की शिकायत है। ऐसे में फिलहाल डायरिया के कारणों का पता नहीं चल पाया है लेकिन दूषित भोजन पानी के कारण डायरिया होने की बात कही जा रही है। परिवार के सदस्य 15 अगस्त के आस पास से बारी-बारी बीमार पड़ रहे थे। घटना की सूचना मिलने के बाद सीएमएचओ डॉ. बसंत सिंह भी प्रभावित गांव पहुंचे और मृतक के परिजन से मुलाकत की। उन्होंने परिवार के सदस्यों को ताजा भोजन करने और पानी उबालकर पीने की सलाह दी। इसके साथ ही उन्होंने एहतियातन गांव में कैंप लगाने के निर्देश है।

**एक ही परिवार के लोग हुए प्रभावित, सीएमएचओ पहुंचे प्रभावित गांव**



**चल रहा है उपचार**

घटना की सूचना मिलने के बाद प्रभावित गांव का दौरा किया गया है। एक महिला की मौत हुई है। इसके साथ ही दो अन्य लोगों को उल्टी दस्त की शिकायत पर भर्ती कराया गया है। गांव में कोई दूसरा परिवार डायरिया से प्रभावित नहीं मिला है फिर भी एहतियातन कैंप लगाने के निर्देश दिए गये है।

-डॉ. बसंत सिंह
सीएमएचओ

## नियमितीकरण सहित अन्य मांगों को लेकर जारी है अनिश्चितकालीन हड़ताल

# अनोखा प्रदर्शनः एनएचएम कर्मियों ने कोटरा लेकर मांगी भीख



हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

अपनी मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे एनएचएम के कर्मचारियों ने शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन किया। एनएचएम के चिकित्सा, नर्सिंग स्टाफ व अन्य कर्मचारी हाथ में कोटरा लेकर सड़क पर निकले और भीख मांगा। संघ ने शहर के दुकानों, ठेले गुमटियों से भीख मांगकर अपना विरोध जताया। इतना ही नहीं कर्मचारी इस राशि को शासन के कोष में जमा कराएंगे ताकि शासन उन्हें नियमितीकरण का उपहार प्रदान करे।

**खास बात**

- हड़ताल से ठप है पीएचसी, सीएचसी में स्वास्थ्य सुविधाएं

दरअसल संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, योग्यता एवं कार्य अनुभव के अनुसार समान कार्य के लिए समान वेतन की नीति लागू कर ग्रेड पे निर्धारण, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि सहित अन्य मांगों को लेकर 18 अगस्त से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है। प्रदेश के साथ ही सरगुजा में भी एनएचएम के 650 से अधिक चिकित्सक, स्टाफ नर्स, डाटा एंट्री ऑपरेटर, लैब टेक्नीशियन, फार्मासिस्ट, मनोरोग विशेषज्ञ, फिजियोथेरेपिस्ट सहित अन्य संविदाकर्मी हड़ताल पर चल रहे है। इस हड़ताल के कारण पीएचसी, सीएचसी, उप स्वास्थ्य केन्द्रों, मोहल्ला क्लिनिक में काम काज ठप हो गया है। इसके साथ ही इस बार बच्चों के उपचार की सुविधा एसएनसीयू भी इस हड़ताल में प्रभावित हुई है। अनिश्चितकालीन हड़ताल के बाद भी अब तक शासन की ओर से कोई पहल नहीं की है। ऐसे में एनएचएम के कर्मचारियों ने शुक्रवार को अनोखा प्रदर्शन किया। प्रदर्शन कारी एसबीआइ कलेक्टोरेट ब्रांच के सामने स्थित धरना स्थल से हाथों में कटोरा लेकर भीख मांगने निकले। कर्मचारियों ने शहर के दुकानों, ठेले-गुमटियों और राह चलते लोगों से भीख मांगा और उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। लोगों ने भी एनएचएम के कर्मचारियों को भिक्षा दी। इस दौरान संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि वे लगातार अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे है। पूर्व में मिले वर्षों के आश्वासन के बाद भी कोई मांग पूरी नहीं हुई। इतना ही नहीं हड़ताल पर अब तक सरकार से कोई उनसे मिलने नहीं आया। ऐसे में उन्होंने भीख मांगकर जनता को अपनी समस्याओं से अवगत कराने का निर्णय लिया। इसके साथ ही भीख में मिली राशि को कर्मचारियों द्वारा शासन के कोष में जमा कराया जाएगा ताकि शासन उन्हें उसी राशि का उपयोग कर उपहार में नियमितीकरण प्रदान करे। कर्मचारियों का कहना है कि जब तक उनकी मांगे पूरी नहीं होती है शासन प्रदर्शन और हड़ताल जारी रहेगा।

## अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन की हड़ताल से शासकीय कार्यालयों में

केंद्र के समान महंगाई भत्ता समेत 11 सूत्रीय मांगों को लेकर शासकीय अधिकारी-कर्मचारी शुक्रवार को हड़ताल पर रहे। शासकीय कर्मियों ने एक दिन का सामूहिक अवकाश लिया और अपनी मांगों के समर्थन में धरना प्रदर्शन किया। इस हड़ताल से शासकीय कार्यालयों में काम काज प्रभावित रहा और ज्यादातर कार्यालयों में ताले लटके रहे। इसके साथ ही इस हड़ताल में चिकित्सक भी शामिल हुए जिससे अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं भी प्रभावित हुई। हड़ताल के बाद रैली निकालकर कलेक्टर के माध्यम से मुख्य मंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। बता दें कि शुक्रवार को अधिकारी-कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले प्रदेशभर के साथ ही सरगुजा में शासकीय अधिकारी कर्मचारी हड़ताल पर रहे। इस हड़ताल के तहत कर्मचारियों, अधिकारियों ने गांधी चौक के समीप धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान फेडरेशन के कमलेश सोनी, डॉ. सीके मिश्रा सहित अन्य ने बताया कि फेडरेशन द्वारा वर्षों से महंगाई भत्ता समेत अन्य मांगों को लेकर प्रदर्शन किए जा रहे है। पिछली सरकार में हमें आश्वासन मिला लेकिन वादा पूरा नहीं हुआ। चुनाव के दौरान वर्तमान की सरकार ने भी मोदी की गारंटी के तहत सभी मांगों को पूर्ण करने का आश्वासन दिया था अब तक मांगों पर कोई विचार नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि वर्ष 2019 से महंगाई भत्ता को रोक कर रखा गया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के कर्मचारियों एवं पेंशनरों को केंद्र के सामान देय तिथि से महंगाई भत्ता, महंगाई राहत दिया जाए। इसके साथ ही वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स की राशि कर्मचारियों के जीपीएफ खाते में समायोजित की जाए। प्रदेश के लिपिकों, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग सहित विभिन्न संवर्गों की वेतन विसंगतियों को दूर करने पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट सार्वजनिक की जाए। प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नत समयमान वेतनमान कमशः 8,16, 24, 32 वर्ष में दिया जाए। सहायक शिक्षकों एवं सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरीय समयमान वेतनमान दिया जाए। नगरीय निकाय के कर्मचारियों को नियमित मासिक वेतन एवं समयबद्ध पदोन्नति दिया जाय। प्रदेश में अन्य भाजपा शासित राज्यों की भांति प्रदेश में कैशलेस सुविधा लागू की जाए।



## फेडरेशन ने निकाली रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन ने छत्तीसगढ़ में मोदी की गारंटी लागू करने के संबंध में धरना प्रदर्शन कर रैली निकाल मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आव्हान पर आज प्रदेशभर में एकजुट होकर सभी कर्मचारी-अधिकारी अपनी 11 सूत्रीय मांगों को लेकर प्रदर्शन किया। यह प्रदर्शन केंद्र सरकार की गारंटी के अनुरूप सुविधाएं लागू करने और राज्य सरकार से लंबित मांगों के जल्द निराकरण की मांग को लेकर किया गया। प्रदेश के विभिन्न संगठनों ने भी फेडरेशन के आंदोलन को पूर्ण समर्थन कर आंदोलन में शामिल हुए। फेडरेशन के जिला संयोजक डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि यह प्रदर्शन पूर्णतः शांतिपूर्ण व लोकतांत्रिक ढंग से आयोजित किया गया। धरना प्रदर्शन में कर्मचारी अधिकारी का जनसैलाब आना इस बात का सबूत है कि शासन के प्रति सभी में आक्रोश व्याप्त है। जिले के सुदूर अंचलों से सभी कर्मचारी-अधिकारी की उपस्थिति निश्चित तौर पर शासन को सोचने पर मजबूर कर देगी कि ज्यादा समय तक क म ॅ चा री अधिकारियों की उपेक्षा नहीं की जा सकती है। फेडरेशन के सभी संगठनों, पदाधिकारियों व कर्मचारियों ने इस आंदोलन में भाग लेकर अपने कार्यक्रम को सफल बनाया।

- मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

## डॉ. सोनी को मिला बेस्ट आरटीआई पीआईएल एक्टिविस्ट का अवार्ड

**अंबिकापुर।** आरटीआई कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को नेल्सन मंडेला से सम्मानित किया गया है। इंदौर में आयोजित नेल्सन मंडेला ग्लोबल ब्रिलियंट 2025 में लेफ्टिनेंट जनरल बीएस सिसोदिया, एयर मार्शल शशिखेर चौधरी तथा पद्मश्री डॉ सतेंद्र सिंह लोहिया के हाथों डॉ. डीके सोनी को बेस्ट आरटीआई, पीआईएल एक्टिविस्ट का अवार्ड दिया गया । बता दे कि सामाजिक कार्यकर्ता और अधिवक्ता डॉ डीके सोनी द्वारा हमेशा न्याय में देरी, भ्रष्टाचार एवं विभिन्न क्षेत्रों में समाज सेवा हेतु अनेक उत्कृष्ट कार्य किए जाते रहे हैं।

इसी कड़ी में ग्रो भारत फाउंडेशन के चयन समिति द्वारा भारत के विभिन्न क्षेत्रों में सामाजिक एवं कानूनी स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने वालों का नॉमिनेशन मंगाया गया और उसके बाद चयन किया गया जिसमें सरगुजा एवं सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य में आरटीआई एवं पीआईएल एवं अन्य कानून के माध्यम से लगातार सामाजिक स्तर पर उत्कृष्ठ कार्य करने के लिए अंबिकापुर के अधिवक्ता एवं आरटीआई कार्यकर्ता डॉ




डीके सोनी को भारत के अन्य राज्यों तथा नेपाल से आए सामाजिक कार्यकर्ताओं और अधिवक्ताओं के समक्ष इंदौर में 17 अगस्त को लेफ्टिनेंट जनरल बीएस सिसोदिया, एयर मार्शल शशिखेर चौधरी तथा पद्मश्री डॉ. सतेंद्र सिंह लोहिया के हाथों बेस्ट आरटीआई, पीआईएल एक्टिविस्ट ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। इसके साथ ही डॉ. सोनी ने अपने कार्यों की जानकारी मंच के माध्यम से साझा की। अधिवक्ता डॉ. डीके सोनी को उक्त अवार्ड मिलने से उनके शुभचिंतकों सहित अधिवक्ताओं में हर्ष का माहौल है।

## नशे से बचाव के लिए पुलिस ने चलाया नवजीवन महाअभियान

**सूरजपुर।** एसएसपी प्रशांत कुमार ठाकुर के निर्देशन में जिले को नशा मुक्त बनाने अभियान नवजीवन मुहिम में पुलिस का कदम से कदम मिलाकर नागरिक और स्कूली बच्चे साथ दे रहे है। नशा न करने का मजबूत संदेश से समाज को अवगत करा रहे है। पुलिस अधिकारियों ने नागरिकों एवं स्कूली बच्चों से कहा कि केवल पुलिस की सख्त कार्रवाई से नशा को समाप्त नहीं किया जा सकता इसके लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। समाज को जागरूकत करना होगा ताकि नशे की कुरीति से बच सके।

कोतवारी पुलिस द्वारा बालक हाईस्कूल, थाना जयनगर ने हाईस्कूल जयनगर, थाना विश्रामपुर ने हाईस्कूल रामनगर, चौकी खड़गवां ने हायर सेकेण्डरी स्कूल, थाना झिलमिली ने हाईस्कूल दवना, चौकी चेन्द्रा ने हाईस्कूल चन्द्रमेढ़ा, थाना प्रेमनगर ने स्वामी आत्मानंद स्कूल प्रेमनगर, चौकी तारा ने हाईस्कूल तारा, चौकी मोहरसोप द्वारा हाईस्कूल मोहरसोप, थाना ओड़गी ने हाईस्कूल ओड़गी, चौकी बसदेई ने जवाहर नवोदय विद्यालय, चौकी रेवटी ने हाईस्कूल गोविन्दपुर, चौकी सलका ने स्वामी आत्मानंद स्कूल, चौकी करंजी ने प्राथमिक शाला दतिमा, चौकी खड़गवां ने हाईस्कूल पंपापुर सहित अन्य थाना-चौकी द्वारा स्कूलों में नशे से बचाव की जानकारी देते हुए नवजीवन अभियान का मानव श्रृखंला बनवाकर, नशा न करने और न करने देने की शपथ दिलाई।



## खबर संक्षेप

### लापरवाही से टॉपटेन में आने से वंचित हुई पूजा



**पुसौर।** प्रदेश के माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा किए जा रहे परिक्षा कापी की जांच प्रणाली में त्रुटि पाए जाने से जहां प्रभावित व संबंधित छात्र हतोत्साहित होते हैं वहीं परीक्षा विभाग पर सवालिया निशान खड़े होते हैं। इस तरह की वाकिया पुसौर के आदर्श ग्राम्यभारती स्कूल की छात्रा पूजा महाणा के साथ हुआ है। जानकारी के अनुसार पूजा महाणा कक्षा 10वी में परीक्षा वर्ष 2024-25 में परीक्षा दी थी, जिसके जारी किए गए परिणाम अन्तर्गत संस्कृत विषय में 69 अंक प्राप्त हुए थे, जिसके पुनर्मुल्यांकन बाद 4 अंक और प्राप्त हुए। इस प्रकार अब संस्कृत में इसके 73 अंक हुए हैं और 600 पुर्णाक में 588 अंक अर्जित किए। यह अंक यदि पहले जारी हुआ होता तो उक्त छात्रा पूजा टॉपटेन में आती और इसे संबंधित लाभ के अवसर प्राप्त होते जो परीक्षा विभाग की लापरवाही की वजह से यह अवसर खोना पडा। परीक्षा विभाग की एक और विडंबना है कि पुनर्मुल्यांकन में 10 अंक बढ़ने के बाद ही उसे टॉप टेन में शामिल किया जाएगा वरना नहीं। सूत्रों के मानें तो तात्कालीन समय में कक्षा 10वी के जारी किए गए परीक्षा परिणाम अंतर्गत जो परीक्षार्थी 600 पुर्णांक में 586 अंक लाए थे वे टापटेन में शामिल हुए। इसी कड़ी में पूजा महाणा के संस्कृत विषय के परीक्षा कापी का सही-सही मूल्यांकन उस समय किया गया होता तो वह टाप टेन आई होती और उसे लाभ के कई अवसर प्राप्त हुए होते जो नहीं मिल पाया। परीक्षा विभाग की उक्त लापरवाही पर छात्रा के परिजन, क्षेत्र के जनप्रति व स्कूल परिवार खेद व्यक्त करते हुए यह मांग कर रहें है कि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो।

### वेदव्यास ट्रस्ट बोर्ड की पुरानी टीम पर उठे सवाल

**राउरकेला।** धार्मिक आस्था और ऐतिहासिक महत्व से जुड़े सुंदरगढ़ जिले के वेदव्यास धाम को महर्षि वेदव्यास की जन्मस्थली माना जाता है। त्रिवेणी संगम, सत्यवती मिलन स्थल और कई पौराणिक धरोहरों के कारण यह स्थान न केवल जिले बल्कि पड़ोसी राज्यों में भी आस्था और पर्यटन का प्रमुख केंद्र रहा है। मगर, इसके रखरखाव और विकास के लिए गठित वेदव्यास ट्रस्ट बोर्ड इन दिनों सवालों के घेरे में है। परंपरागत रूप से इस बोर्ड का गठन समय.समय पर सरकार द्वारा किया जाता रहा है, लेकिन चौंकाने वाली बात यह है कि बीजू जनता दल सरकार में गठित कमेटी आज भी सक्रिय हैए जबकि राज्य में एनडीए गठबंधन की सरकार को एक वर्ष से अधिक समय बीत चुका है। इस कारण स्थानीय भाजपा नेताओं और कार्यकर्ताओं में आंतरिक असंतोष देखा जा रहा है। इसी बीच मंदिर के विकास के नाम पर कई प्राचीन धरोहरों को तोड़े जाने और 25 करोड़ रुपये की विकास राशि के खर्च से पहले पुरानी कमेटी को हटाए न जाने की चर्चा ने विवाद को और हवा दे दी है। ट्रस्ट बोर्ड के कुछ सदस्यों द्वारा दिए गए बयानों से यह स्पष्ट होता है कि वे राशि के खर्च होने तक पद पर बने रहना चाहते हैं। वहीं इस पूरे मामले पर सरकारी अधिकारियों की चुप्पी को स्थानीय लोग प्रशासन की मौन स्वीकृति मान रहे हैं। खासकर, चूंकि जिलापाल ट्रस्ट बोर्ड के अध्यक्ष और अतिरिक्त जिलापाल इसके उपाध्यक्ष एंव पुलिस अधीक्षक उपजिलापाल, तहसीलदार जैसे प्रमुख सदस्य हैं, ऐसे में इस चुप्पी ने सवालों को और गहरा कर दिया है।

### सुंदरगढ़ के तहसीलों में बेधड़क रजिस्ट्री जारी

**राउरकेला।** रियल स्टेट रेगुलेटरी ऑथरिटी ओड़िशा की सख्तियों व उनके द्वारा विभिन्न दिशा निर्देश के बावजूद सुंदरगढ़ जिले के विभिन्न सबरजिस्ट्रार कार्यालय के द्वारा व्यावसायिक प्लाटिंग का बेधड़क पंजीयन धड़ल्ले से जारी है। जमीन पंजीकरण के मामले में सुंदरगढ़ जिला नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। बीते दिनों बीरमित्रपुर सब रजिस्ट्रार कार्यालय में कार्यरत एक क्लर्क के उपर कानूनी कार्रवाई हुई और कुछ दिनों तक फरार रहने के पश्चात न्यायालय के द्वारा जारी आदेश के तहत वह फिर अपने पहुंच का इस्तेमाल करते हुए पानपोष सब रजिस्ट्रार कार्यालय में कार्यरत है, जोकि क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

### फसल खराब होने की किसानों को सता रही थी चिंता

# अंचल में हुई झमाझम बारिश से खेतों को मिली संजीवनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

अंचल में हुई झमाझम बारिश के चलते खेतों को राहत की संजीवनी मिल गई है। वहीं किसानो ने राहत भरी सांस ली है। इधर बारिश के चलते जिला मुख्यालय जांजगीर के कई जगहों पर बरसाती पानी का जमाव हो गया।

गौरतलब है कि शुक्रवार 22 अगस्त को जिला मुख्यालय जांजगीर सहीत अंचल मे झमाझम बारिश हुई, जिसके कारण खेतो को संजीवनी मिल गई। वही किसानों ने भी राहत की सांस ली। बांगो बांध के माध्यम से नहरो में पानी तो छोड़ दिया गया है, लेकिन खेतों के अंतिम छोर तक पानी नही पहुंच पा रहा था। ऐसे में शुक्रवार को हुई बारिश ना केवल जांजगीर शहर बलकि अंचल में भी हुई है, जिसके चलते किसानों को काफी राहत मिली वही खेती किसानी के कामों में तेजी आएगी। बांध के माध्यम से पानी तो छोड़ दिया गया है, लेकिन नवागढ, पामगढ़, अकलतरा, बलौदा एवं बम्हनीडीह क्षेत्र के कई जगहो पर किसानो को समुचित पानी की सुविधा नही मिल पा रही थी। ऐसे में क्षेत्र में हुई बारिश के चलते किसानो ने राहत की सांस ली है। इधर झमाझम हुई बारिश के चलते जिला मुख्यालय जांजगीर के शांती नगर, पुराना चंदनिया पारा, शिवमंदिर गली, लिंकरोड, इंदिरा नगर, बाजारपारा, नैला मुख्य मार्ग सहीत अन्य जगहो पर बरसाती पानी का जमावडा शुरू हो गया, जिसके चलते आने जाने वाले लोगो को काफी परेशानी उठानी पड़ी। बरसात के मौसम में पानी गिरने के दौरान कई बारी लोगो के घरों से निकलने वाला गंदा पानी सड़को पर आ जाता है। इस बीच जो लोग मार्ग से होकर आवाजाही करते है। इन्हें परेशानी उठानी पडती है। साथ ही साथ बरसात का पानी इकठठा होने के कारण संक्रमण फैलने का भी खतरा बना रहता है। इधर झमाझम हुई बारिश के चलते जहां लोगो के साथ किसानो को काफी राहत मिली वहीं ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली व्यवस्था घंटो प्रभावित हुई है। ग्रामीण क्षेत्रों में कई जगहो पर शुक्रवार को दोपहर बारिश के दौरान गुल हुई बिजली सेवा देर रात तक बहाल हो सकी।



बारिश के बाद खेतों में भरा पानी।

## सारंगढ़ में चोर गिरोह सक्रिय एक ही रात में दो दुकानों से चोरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटेली

नवगठित जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ मे चोरों की सक्रियता, पुलिस के लिए उन्हें पकड़ना चुनौती बन चुकी है। चोरों ने एक ही रात में शहर के अंदर दो दुकानों में धावा बोलकर अनुमानित डेढ़ लाख रुपए नगदी तथा समान की चोरी किए हैं। उक्त चोरी में चोरो ने शटर में लगे ताले को तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिए है। दोनों वारदात की चोरी की रिपोर्ट पुलिस ने दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही हैं।

प्रार्थी सचिन कुमार केशरवानी पिता स्व. खगेशचंद केशरवानी उम्र 45 वर्ष प्रतापगंज सारंगढ़ थाना सारंगढ़ जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ छग का निवासी है। सचिन ने रिपोर्ट दर्ज कराया कि उसका दुकान बस स्टैण्ड के सामने गुप्ता प्रोविजन के नाम से संचालित है। प्रतिदिन की भांति 22 अगस्त की सुबह 9 बजे वह अपने प्रतिष्ठान को खोलने आया। तब उसे अपने दुकान के मुख्य शटर के दोनों साईड के ताला कटा और टूटा मिला। इससे उसे माजरे को समझने में देर नही लगी। उसने दुकान का शटर उठा कर देखा तो दराज में रखे हुए करीब 65,000 रुपए गायब मिले। इसके बाद उसने अपने भाई एवं परिचितों को घटना की जानकारी दी और प्रतिष्ठान में लगे सीसीटीव्ही फुटेज को चेक किया तो कोई अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी करते नजर आ रहा है।

इसी तरह दूसरी चोरी की वारदात में प्रार्थी राजकुमार बंसल पिता राधेश्याम बंसल उम्र 45 वर्ष निवासी दुर्गा मंदिर रोड़ सारंगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि उसका रायपुर रोड में बंसल प्रोविजन स्टोर्स के नाम से दुकान संचालित है। जिसे बीते दिन रात्रि करीब 9 बजे बंद कर अपने घर चला गया था। दूसरे दिन सुबह 8 बजे खोलने आया तो देखा कि मुख्य शटर में लगा ताला टूटा मिला। ऐसे में दुकान में चोरी होने की आशंका से शटर उठाकर दुकान अंदर जाकर देखा तो दराज में रखे लगभग 40 से 50 हजार रूपए, बिक्र के लिए रखे सामान करीब 70 हजार रुपए को अज्ञात चोर ने पार कर रदिया था। फिलहाल सारंगढ़ पुलिस दोनों ही प्रकरण में अपराध दर्ज कर सीसीटीवी फुटेज तथा संदिग्ध लोगों की धरपकड़ में जुट गई है।

## सामूहिक अवकाश से घरघोड़ा के सभी कार्यालयों में देखी गई तालाबंदी



**घरघोड़ा।** छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के आह्वान पर 11 सूत्रीय मांगों के निराकरण के लिए पूरे प्रदेश के अधिकारी एवं कर्मचारी एक दिवसीय सामूहिक अवकाश पर रहे, पूरे कार्यालय में ताला बंद दिखा।

फेडरेशन के संयोजक संतोष पांडे ने सभी कर्मचारियों-अधिकारियों के समक्ष 11 सूत्रीय मांगों को पढ़ा, जिसमें मोदी की गारंटी अनुसार प्रदेश के कर्मचारी पेंशनरों को केंद्र के समान दिए तिथि से महंगाई भत्ता एवं महंगाई राहत दिया जाए। वर्ष 2019 से लंबित डीए एरियर्स का समायोजन जीपीएफ खाते में किया जाए। लिपिको, शिक्षकों, स्वास्थ्य विभाग, महिला बाल विकास विभाग की वेतन विसंगति दूर करने के लिए पिंगुआ कमेटी की रिपोर्ट जारी की जाए। प्रदेश में चार स्तरीय पदोन्नति वेतनमान क्रमशः 8,16,24,32 वर्ष में दिया जाए। सहायक शिक्षक, सहायक पशु चिकित्सा अधिकारियों को त्रिस्तरी समयमान वेतनमान दिया जाए। नगरीय निकायों कर्मचारियों को नियमित वेतन दिया जाए। कैशलेस स्वास्थ्य सेवाएं लागू किया जाए। अनुकंपा नियुक्ति से सीलिंग समाप्त किया जाए। मध्य प्रदेश की भांति अर्जित अवकाश का नगरीकरण 300 दिन का किया जाए। प्रथम नियुक्ति तिथि से सेवा गणना करते हुए समस्त सेवा लाभ प्रदान किया जाए। कार्यरत कार्यभारित दैनिक वेतन भोगी अनियमित संविदा कर्मचारी को नियमित किया जाए।

उपरोक्त मांगों के समर्थन में बहुत बारिश होने के बाद भी एकत्र हुए एवं कर्मचारी भवन तहसील कार्यालय तक बारिश में भी छत्ता लेकर रैली के रूप में पहुंचकर प्रदेश के मुख्यमंत्री एवं मुख्य सचिव के नाम अनुभागी अधिकारी राजस्व दुर्गा प्रसाद अधिकारी के माध्यम से ज्ञापन सौंपा गया। इस अवसर पर संतोष पांडे, केशव प्रसाद पटेल, संतोष कुमार सिंह, रोहित डनसेना, हरिश्चंद्र बेहरा, आशीष शर्मा, अश्विनी दर्शन, विनोद मेहर, मनोज प्रधान, मनीष बिहादर, विजय पडा, सर्वेश मरावी, हरिश्चंद्र साव, ऋषिकेश साहू, खेमसागर पैंकरा, सूरज पैंकरा, गणेश्वर श्याम रवि शंकर भगत, गुलाब सिंह चौहान, रतनलाल बाबूलाल, मनीष नंदे, मनोज गुप्ता, कैलाश पटेल, परिमल तिवारी, एसडीओ पी एच ई, टिकेश प्रधान, प्रियंक दुबे, संतोष पैंकरा, अजय कुमार अशोक महापात्र, रामकुमार पटेल, योगेंद्र सिदार, ज्वाला एवं बहुत संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी अपनी मांगों के समर्थन में एकत्र हुए थे पुर विकासखंड के शासकीय कार्य पुनः तह बंद थे।

### गजेंद्र यादव के मंत्री बनने पर यादव समाज में हर्ष

**बिलाईगढ़।** दुर्ग विधानसभा के विधायक गजेंद्र यादव को कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर यादव समाज में अपार हर्ष है। छत्तीसगढ़ शासन के कैबिनेट मंत्री गजेंद्र यादव को शिक्षा, उच्च शिक्षा, पशुपालन तथा मछली पालन मंत्री बनाए जाने पर सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के यादव समाज में हर्ष का माहौल है। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश मीडिया प्रभारी धनेश यादव ने बताया कि छत्तीसगढ़ में यादव समाज की संख्या दूसरे स्थान पर होते हुए भी समाज को किसी भी क्षेत्र में प्रतिनिधित्व करने का अवसर नहीं मिल पा रहा था। जिसके कारण से समाज में असंतोष का वातावरण व्याप्त था। वहीं यादव समाज से किसी एक विधायक को विधानसभा में मंत्री बनाने को लेकर विभिन्न जगह समाज के पदाधिकारियों द्वारा ज्ञापन भी सौंपा गया था। दुर्ग विधायक गजेंद्र यादव को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री बनाए जाने पर समाज के लोगों द्वारा हर्ष व्यक्त करने वालों में सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला अध्यक्ष फिरू यादव, धनसाय यादव, श्रावण यादव, साधराम यादव, भुनेश्वर यादव, सोनू चंद यादव, महादेवा यादव, उदल यादव, दुर्गेश यादव, अहीर यादव, सियाराम यादव, अभय यादव आदि शामिल हैं।

## डांडियापाली में जल निकासी मार्ग अवरुद्ध





हरिभूमि न्यूज ▶▶ राउरकेला

शहर से सटे डांडिया पाली विश्वकर्मा विहार जैन कॉलोनी और दयानंद नगर क्षेत्र में बारिश के दौरान जलभराव कृत्रिम बाढ़ गंभीर समस्या बन गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सिंचाई विभाग की जमीन और बाढ़ निकासी मार्ग एनएच का किनारा पर अवैध कब्जों के कारण पानी की निकासी बाधित हो रही है, जिससे थोड़ी सी बारिश में ही घरों में 2 से 3 फीट तक पानी भर जाता है।

- चौतरफा अतिक्रमण से अंचल के लोगों का बढ़ा संकट

राष्ट्रीय राजमार्ग और रेल मार्ग किनारे बनाए गए निकासी नालों पर भी अवैध निर्माण और अवरोध इस समस्या को और भयावह बना रहे हैं। एनसीपी के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने बताया कि पिछले 10-15 वर्षों में बहुमंजिला इमारतों और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों के निर्माण के बाद स्थिति और बिगड़ी है। उन्होंने कहा कि सिंचाई विभाग की जमीन और जल निकासी मार्ग को शीघ्र कब्जा मुक्त कराना आवश्यक है वरना आने वाले वर्षों में हालात और बिगड़ सकते हैं। स्थानीय लोगों का आरोप है कि प्रशासन की अनदेखी और लंबित योजनाओं के कारण यह समस्या विकराल होती जा रही है। तहसीलदार से इस विषय पर प्रतिक्रिया नहीं मिल सकी, लेकिन स्थानीय नागरिकों मैं रामाशंकर प्रसाद, विकास सिंह, दिनेश यादव, संतोष प्रसाद, उमेश यादव, अशोक शाह, मंटू सिंह, शिव शंकर प्रसाद, प्रफुल्ल नायक, सुभाष शर्मा, विजय शंकर प्रसाद, शत्रुघ्न प्रसाद सिंह आदि ने किसी भी तरह जल जमाव से छुटकारा दिलाने व जल निकासी की समस्या पर ध्यान देने के लिए जिला प्रशासन से तत्काल कड़े कदम उठाने की अपील की है।

## खरसिया आईटीआई में नया कौशल, नई राह कार्यक्रम

**खरसिया।** सरकारी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई) खरसिया में नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं के लिए 19 और 20 अगस्त को नए कौशल पथ – नई राह, नया हुनर शीर्षक से दो दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संस्थान में शिक्षा, रोजगार और कौशल विकास से जुड़े अनेक विषयों पर विशेषज्ञों ने मार्गदर्शन दिया।

कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान के प्राचार्य ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन और पुष्पांजलि अर्पित कर किया। इसके पश्चात उन्होंने नवप्रवेशित प्रशिक्षुओं का स्वागत करते हुए उन्हें औद्योगिक प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डाला। नवप्रवेशित छात्र-छात्राओं ने अपना परिचय दिया और भविष्य की योजनाओं को साझा किया। इसके बाद विभिन्न प्रशिक्षण अधिकारियों द्वारा अप्रेंटिस एक्ट, एनएपीएस पोर्टल, परीक्षा एवं सीबीटी प्रणाली, आईटीआई उत्तीर्ण उपरांत डिप्लोमा व डिग्री में प्रवेश तथा वीटीपी संबंधी विषयों की विस्तार से जानकारी दी गई। दूसरे दिन कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. प्रेमशंकर नेस्के, एसोसिएट प्रोफेसर ओपीजे यूनिवर्सिटी पिथौरा एवं प्रशिक्षण अधिकारी सुब्रत कुमार मीणा ने माँ सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन करके किया।

## ब्रह्माकुमारी संस्थान में रक्तदान शिविर का किया गया आयोजन

**सरिया।** ब्रह्माकुमारी संस्थान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 41 यूनिट रक्त जिला चिकित्सालय को सौंपा गया है। ब्रह्माकुमारी संस्थान की पूर्व मुख्य प्रशासिका राजयोगिनी दादी प्रकाशमणि की 18वीं पुण्यतिथि पर संस्थान द्वारा विशाल रक्तदान शिविर का अभियान पूरे भारतवर्ष में चलाया जा रहा है।

इन आयोजनों के माध्यम से संस्थान के द्वारा एक लाख यूनिट रक्त इकट्ठा करके समाज सेवा कार्य में लगाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इसी क्रम में सरिया संस्था में भी भारी बारिश के बीच 22 अगस्त को रक्तदान शिविर का आयोजन सेवा केंद्र भवन सरिया में आयोजित किया गया। जहां संस्था के कार्यकर्ताओं सहित नगरवासियों के सहयोग से 41 यूनिट रक्त इकट्ठा की गई। सेवा केंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी सुनयना दीदी ने पूरी 41 यूनिट रक्त को जिला चिकित्सालय रायगढ़ के अधिकारियों को जन सेवार्थ सौंप दिया है। कार्यक्रम के प्रारंभ में सुनयना दीदी ने सभी समाजसेवी अतिथियों एवं रक्तदान करने वाले भाई बहनों का फूल गुलदस्ते के साथ साथ स्वागत उद्बोधन के माध्यम से स्वागत किया। इस अवसर पर रायगढ़ सेवा केंद्र प्रभारी राधिका दीदी ने संस्था की पूर्व मुख्य प्रशासिका दादी प्रकाशमणि के जीवन की सारगर्भित सेवाओं पर प्रकाश डालते हुए पुण्यतिथि को विश्व बंधुत्व की दिशा में एक ठोस कदम बताया। कार्यक्रम में सारंगढ़ से पधारे प्रमुख समाजसेवी महेंद्र अग्रवाल ने रक्तदान को कन्यादान से भी उच्च बताते हुए सबको इस पुनीत कार्य में सहभागी बनने का आह्वाहन किया। कार्यक्रम में सरिया के जुगल किशोर अग्रवाल, युवा समाजसेवी भ्राता भरत अग्रवाल, नारायण अग्रवाल खरसिया के वरिष्ठ समाजसेवी शिवकुमार अग्रवाल आदि ने सराहनीय योगदान दिया।

## अवैध खदानों व क्रशरों पर कार्रवाई जांच तक ही सीमित

**राउरकेला।** सुंदरगढ़ जिले के विभिन्न हिस्सों में पत्थर खदानों और क्रशरों का संचालन ओडिशा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ओएसपीसीबी की अनुमति के बिना ही जारी है। शिकायतों की पुष्टि के बाद भी अब तक ठोस कार्रवाई न होने से स्थानीय लोगों में रोष है। क्षेत्रीय अधिकारी ने बताया कि अवैध खदानों और क्रशरों की जांच की जा रही है और नोटिस भी जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि व्यस्तता और सीमित संसाधनों के चलते कार्रवाई में विलंब हुआ है लेकिन शीघ्र ही ठोस कदम उठाए जाएंगे। वहीं एक स्लैग क्रशर को बंद करने की सिफारिश के बावजूद अभी तक जिला प्रशासन स्तर पर कोई निर्णय नहीं लिया गया है। सूत्रों के अनुसार क्षेत्रीय कार्यालय की सीमित क्षमता और कार्यबल की कमी के कारण बड़े पैमाने पर कार्रवाई मुख्यालय पर निर्भर रहती है। खदानों में उपयोग होने वाले विस्फोटक और उनकी सप्लाई चेन को भी जांच के दायरे में लाना आवश्यक बताया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि शिकायतों के बाद भी खानापूर्ति जैसी जांच से अवैध कारोबारियों का हौसला बढ़ रहा है। विशेषज्ञों का मानना है कि केवल कड़ी और पारदर्शी कार्रवाई ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड और प्रशासन की साख को कायम रख सकती है।

### बड़े व्यापारी प्रति बोरी खाद 800 रुपए में बेच रहे हैं

# किसानों को तीन गुना दाम में खरीदना पड़ रहा खाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरसींवा

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिला के सोसायटियों में किसानों को ठीक से खाद नहीं मिलने से अफरा-तफरी मच गई है। किसान एक तरफ राज्य सरकार के उपर नाराजगी व्यक्त करते दिख रहें तो दूसरी तरफ खाद्य मंत्री पर नाराजगी जता रहे हैं।

हालांकि राज्य सरकार व खाद्य मंत्री का साफ़ निर्देश हैं कि किसानों को खाद्य की कोई कमी न हो सही समय पर अन्नदाताओं को वितरण केन्द्र में खाद उपलब्ध कराया जाए। किसानों की मानें तो बरसात नहीं होने से सभी किसान चिंता से भयभीत थे। चेहरे पर चिंता की लकीर साफ दिखाई दे रहा था। एका एक बारिश के रुक जाने से इस वर्ष किसानों के चेहरे पे खुशी जरा भी दिखाई नहीं दे रहा था। क्योंकि किसान अपने खेतों में तन मन धन लगा बैठे थे। और बारिश होना बंद हो गया था इस वर्ष छेत्र में कम बारिश होने से क्षेत्र के किसानों के साथ साथ क्षेत्र के व्यापारी वर्ग भी दुख व्यक्त कर रहे थे। क्योंकि क्षेत्र में धान की फसल अच्छी नहीं होने से इसका क्षेत्र का व्यापार में भी असर पड़ने का डर सता रहा था, लेकिन बीते दो दिनों में अच्छी बारिश हुई है। सूत्रों की मानें तो क्षेत्र के बड़े व्यापारियों के पास उपलब्ध यूंरिया खाद्य प्रति बोरी 700 से 800 सौ रुपए में बिक रहा है। मजबूरी में किसानों को महंगे दामों पर खाद खरीदना पड़ रहा है। जिससे किसानों के साथ खुलेआम शोषण हो रहा है। किसानों का कहना है कि अगर महंगे दामों में यूरिया, खाद बेंचने वाले व्यापारियों के उपर कड़ी कार्रवाई नहीं होती और उन्हें तत्काल खाद्य नहीं मिला तो वो आन्दोलन के लिए बाध्य रहेंगे।




सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान

डॉ. एल.सी. मढ़रिया
MBBS,MS
नेत्र रोग विशेषज्ञ
एवं फेको सर्जन

डॉ. एश्वर्य मढ़रिया
MBBS, MS, FVR,
LVP-Hydrabad
नेत्र रोग विशेषज्ञ
एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com

11 सितंबर, 3 अक्टूबर, 13 नवंबर, 18 दिसंबर, 24 दिसंबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा (गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू (बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप)
गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल)
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशि:-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411